दैनिक पहला समाचार
देश का सर्वश्रेष्ठ अखबार
एक कदम निष्पक्षता की ओर
संपादक : भास्कर तिवारी
वर्ष : 14 अंक : 198 मुंबई, बुधवार 05 अगस्त 2026 पृष्ठ : 4 मूल्य : 3/- रुपये

# बिड़ला महाविद्यालय में थैलिसिमिया जाँच शिविर संपन्न



**पहला समाचार संवाददाता**

**कल्याण,** बी. के. बिड़ला महाविद्यालय, कल्याण के माइक्रोबायलोजी विभाग द्वारा रोट्री क्लब ऑफ डोम्बीवली डायमंड्स के संयुक्त तत्वावधान में छात्रों के लिए थेलिसिमिया जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया` यह आयोजन छात्रों में थेलिसिमिया के प्रति जागरूकता के उद्देश्य से महाविद्यालय द्वारा प्रति वर्ष किया जाता है` यह एक आनुवांशिक बीमारी है जिसे समय से पूर्व पता चलने पर अगली पीढी में हस्तांतरित होने से रोका जा सकता है`

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में प्रोजेक्ट चेयरमैन डॉ. वंदना धकतोड़े, उप प्राचार्या डॉ. मनिंदर कौर, वरिष्ठ पैथोलोजिस्ट डॉ. माधव बैतुले और डॉ. राजेश कदम विशेषज्ञ विशेष रूप से उपस्थित थे` शिविर की संयोजक डॉ. धीरज शेखावत ने सभी आगंतुकों का स्वागत किया ` उन्होंने युवा वर्ग को विवाह पूर्व थेलिसिमिया की जाँच को आवश्यक बताया जिससे अगली पीढ़ी को इस समस्या का सामना न करना पड़े रोट्री क्लब द्वारा छात्रों को एक वीडियो दिखाई गई जिसमें थेलिसिमिया की समस्याओं और उसके समाधान का सन्देश दिया गया` महाविद्यालय के शिक्षा निदेशक डॉ. नरेश चन्द्र और प्राचार्य डॉ. अविनाश पाटील ने ऐसे आयोजनों को वर्तमान के लिए अत्यंत उपयोगी बताया` उप प्राचार्य डॉ. हरीश दुबे, डॉ. सन्देश जायभाय और सुश्री मैत्री, श्री सागर दुसाने, श्री कुंदन नेमाड़े, श्री बाला जी अय्यर, श्री जगदीश तांबट, आदि रोटरी क्लब के सदस्यों के सहयोग से आयोजित इस शिविर में 225 से अधिक विद्यार्थियों की जांच की गई डॉ. शुभांगी राजगुरु, प्रा. सिमरन गुप्ता, डॉ.नारायण तोटेवाड़, प्रा.रघुनाथ पाटिल, वल्लभ कोर, अनिकेत टोहके, दीपक महाले, अस्मिता भालेराव, कोमल पाल, अन्निका हूर, सैफ खान आदि के विशेष सहयोग से यह आयोजन संपन्न हुआ`